हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 29 दिसंबर 2025

06 सांसद सोलंकी के साथ लोगों ने सुनी मन की बात



08 550 छात्राओं ने तैयार किए शिक्षण मॉडल





## 'वर्ष में एक बार हिंदू समाज का संबल बढ़ाने शौर्य यात्रा निकालना आवश्यक है'

# कानड़ प्रखंड में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने निकाली शौर्य यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कानड़

भारत माता के टुकड़े करने वाले, वंदे मातरम नहीं गाने वाले, देश में अशांति फैलाने वाले, लव जिहाद करने वाले, अपने ही परिवार रिश्तेदार की बहन बेटियों पर गंदी नियत रखने वाले कभी हमारे भाई नहीं हो सकते। उक्त बात विश्व हिंदू परिषद प्रांत मंत्री विनोद शर्मा ने विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा आयोजित शौर्य यात्रा कार्यक्रम में रविवार बस स्टैंड पर में अपने उद्बोधन में कही।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद प्रांतमंत्री मुख्य वक्ता विनोद शर्मा, विभाग नैतिक शिक्षा प्रमुख विनोद कौशल, महिला जिला उपाध्यक्ष नीलम शर्मा, विहिप जिला मंत्री जितेन्द्र सिंह राठौड़, जिला सहसंयोजक ऋषभ गोस्वामी, प्रखण्ड अध्यक्ष लखन गुर्जर प्रखंड संयोजक विपीन माली मंचासीन थे। विश्व हिंदू परिषद प्रांत मंत्री मुख्य वक्ता विनोद शर्मा ने कहा कि गीता जयंती के उपलक्ष में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल शौर्य यात्रा निकालता है क्योंकि विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने ही बाबर के नाम का कलंक के नाम को मिटया। जिस प्रकार समाज में शांति स्थापित करने के लिए पुलिस फ्लैग मार्च निकालती है उसी प्रकार वर्ष में एक बार हिंदू समाज का संबल बढ़ाने के लिए एवं विधर्मियों को दिखाने के लिए शौर्य यात्रा निकालना आवश्यक है। उन्होंने आगे कहा कि जिहादियो को पहचानना होगा वह हम सब के बीच रहते हैं। बच्चों के स्कूल बस का ड्राइवर, पंचर वाला, इलेक्ट्रीशियन ठेले वाला, मिस्त्री या किसी भी रूप में हो सकता है। उसकी पहचान सुनिश्चित कर प्रखंड व जिले के जिम्मेदार लोगों को बताएं बजरंग दल उन्हें अपनी भाषा में उत्तर देगा।



देश में बजरंग दल विधर्मियों का काल है जो समय-समय पर हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध स्वरूप प्रतिकार करते हुए विधर्मियों को मुंह तोड़ जवाब देता है।

विहिप बजरंग दल का शौर्य यात्रा सरस्वती कानड़ बस स्टैंड से प्रारंभ हुई जो नगर के प्रमुख मार्गो से निकली। शौर्य यात्रा का समापन बस स्टैंड परिसर में हुआ। शौर्य यात्रय का नगर में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत सम्मान किया गया। बजरंग दल के शौर्य यात्रा कार्यक्रम को लेकर कानड़ थाना प्रभारी के साथ पुलिसकर्मी तैनात रहे।



## हिन्दू सम्मेलन को लेकर निकली वाहन रैली

*नलखेड़ा। संघ शताब्दी वर्ष में नगर में होने वाले हिन्दू सम्मेलन को लेकर रविवार को वाहन रैली नगर में निकाली गई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष में विभिन्न आयोजन चल रहे है। इसी के अंतर्गत आगामी 4 जनवरी को हिन्दू सम्मेलन का आयोजन होगा जिसके निमित्त रविवार को नगर में एक विशाल वाहन रैली निकाली गई। वाहन रैली लखुंदर नदी के तट पर स्थित श्री चिंताहरण हनुमान मंदिर से प्रारम्भ हुई जोकि नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई गणेश चौराहे पर समाप्त हुई। रैली में शामिल समाजजन हाथों में भगवा ध्वज लिए चल रहे थे।*

### खबर संक्षेप में

### कुबेरेश्वरधाम पर हर दिन पहुंच रहे हजारों की संख्या में श्रद्धालु

**सीहोर।** जिला मुख्यालय के समीपस्थ प्रसिद्ध कुबेरेश्वरधाम में अवकाश के दिनों में प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने आ रहे हैं। शनिवार को भी 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं धाम पर पहुंचे। धाम पर विठलेश सेवा समिति की ओर से पंडित विनय मिश्रा, पंडित समीर शुक्ला सहित अन्य ने यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को भोजन प्रसादी का वितरण किया। इसके अलावा छत्तीसगढ़ से लौटकर आए कथा वाचक पंडित राघव मिश्रा ने यहां पर मौजूद श्रद्धालुओं से चर्चा की। हर साल यहां पर अवकाश के दिनों में हजारों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। वहीं फरवरी में होने वाले रुद्राक्ष महोत्सव की तैयारियां महाकुंभ की तर्ज पर चल रही है। कथा वाचक पंडित राघव मिश्रा ने अपने संदेश में कहाकि अच्छी सोच, अच्छी भावना और अच्चे विचार, ये तीनों जीवन में सुख-शांति के लिए बहुत जरुरी है। सत्संग और भजन में दिल लगाना बहुत ज़रूरी है क्योंकि यह मन को पवित्र करता है, एकाग्रता बढ़ाता है, और हमें जीवन के वास्तविक उद्देश्य ईश्वर प्राप्ति की ओर ले जाता है, सांसारिक मोह-माया से दूर करता है, और सकारात्मक ऊर्जा व शांति प्रदान करता है, जिससे अंतरात्मा जागृत होती है।

### सीजन का सबसे घना कोहरा विजिबिलिटी कम हुई



**सीहोर।** सीहोर जिले में शनिवार को इस सीजन का सबसे घना कोहरा छाया रहा। इसके कारण विजिबिलिटी काफी कम हो गई, जिससे सड़कों पर 30 फीट से आगे देखना भी मुश्किल हो गया। जिले का न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह के समय सड़कों पर वाहनों की आवाजाही काफी कम रही। खेतों में ओस और कोहरा देखा गया। इस साल ठंड के सीजन में सीहोर जिले में इतना घना कोहरा पहले नहीं देखा गया था।जानकारी के अनुसार, इस सीजन का सबसे न्यूनतम तापमान 17 दिसंबर को 3.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। बीते पांच दिनों के तापमान पर गौर करें तो 22 दिसंबर को 7.5, 23 दिसंबर को 6.5, 24 दिसंबर को 7.0, 25 दिसंबर को 7.0 और 26 दिसंबर को 5.8 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया था। मौसम विभाग ने बताया है कि आगामी दिनों में ठंड का प्रभाव और बढ़ेगा। वर्तमान में हवाओं की दिशा उत्तर से बनी हुई है, जिसके कारण ठंडी और बर्फीली हवाएं लगातार सीहोर में प्रवेश कर रही हैं।

## रविवार को 50 हजार से अधिक श्रद्धालु पहुंचे

# अंग्रेजी नववर्ष के पहले मां बगलामुखी मंदिर पर उमड़ रहा श्रद्धालुओं का सैलाब



**नलखेड़ा।** अंग्रेजी नववर्ष के पहले ही सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर पर दर्शनार्थ भक्तों का सैलाब उमड़ रहा है। रविवार को भी 50 हजार से अधिक भक्तों ने माता रानी के दर्शन किए। अंग्रेजी नववर्ष प्रारंभ होने में अभी चार दिनों का समय शेष है, लेकिन उसके पूर्व ही मां बगलामुखी मंदिर पर भक्तों का सैलाब उमड़ने लगा है। रविवार को प्रातःकाल से ही मां बगलामुखी मंदिर पर दर्शनार्थियों की कतारें लगना प्रारंभ हो गई थी जोकि देर शाम तक जारी रही। मंदिर प्रबंध समिति द्वारा डोम परिसर में लगाए गए बेरिकेट्स दिनभर दर्शनार्थियों की कतारों से भरे रहे।

गौरतलब है कि गत 25 दिसम्बर से स्कूलों की छुट्टियां प्रारंभ हो गई है जोकि आगामी 04 जनवरी तक रहेगी। इसी बीच अंग्रेजी नववर्ष भी आने वाला है ऐसे में सिद्धपीठ पर भक्तों की संख्या में लगातार इजाफा होने की संभावना है। रविवार को दर्शनार्थ पहुंचे भक्तों में से कई के द्वारा सिद्धपीठ पर स्थित यज्ञशाला में हवन अनुष्ठान भी किये गए। सुबह से रात्रि तक यज्ञशाला में हवनकुंड खाली नही रहे।

### शासकीय स्कूल के 105 बच्चों को किए खेल ड्रेस वितरित

**सीहोर।** सीहोर जिला मुख्यालय के ग्राम महुआखेड़ी के शासकीय माध्यमिक शाला में जिला परियोजना समनव्यक एपीसी चन्द्रशेखर वर्मा के मुख्य आतिथ्य में एवं संकुल प्राचार्य शा.उमावि सुभाष के आशीष शर्मा के विशेष अतिथ्य में ग्राम महुआखेड़ी तकीपुर निवासी प्रभात मावीय, माता चन्दा मालवीय के द्वारा उनकी स्वर्गीय सुपुत्री तनुजा मालवीय के जन्मदिन के उपलक्ष्य में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शाला के 105 बच्चों को लोवर, टी-शर्ट एवं बिस्कुट का वितरण किया गया।

## बगलामुखी मंदिर पर 5 जनवरी तक वीआईपी दर्शन रहेंगे बंद



**नलखेड़ा।** अंग्रेजी नववर्ष व स्कूल की छुट्टियों के चलते मां बगलामुखी मंदिर पर दर्शनार्थियों की संख्या में कई गुना बढ़ने की संभावना को देखते हुए मंदिर प्रबंध समिति द्वारा आगामी 5 जनवरी तक वीआईपी दर्शन व्यवस्था बंद कर दी गई है। जानकारी देते हुए तहसीलदार एवं पदेन सचिव मां बगलामुखी मंदिर प्रबंध समिति प्रियंक श्रीवास्तव ने बताया कि अंग्रेजी नववर्ष एवं स्कूल की छुट्टियां होने के चलते मंदिर पर प्रतिदिन 50 हजार से एक लाख दर्शनार्थियों के आने की संभावना को लेकर वीआईपी दर्शन व्यवस्था आगामी 5 जनवरी तक बंद कर दी गई है। सभी दर्शनार्थी कतार में लग कर ही दर्शन करेंगे। उन्होंने बताया कि दर्शन व्यवस्था इस प्रकार की गई है कि प्रत्येक भक्त को 15 से 20 मिनिट में दर्शन हो रहे है। तहसीलदार ने बताया कि प्रबंध समिति द्वारा पार्किंग व्यवस्था भी सुदृढ की गई है। मंदिर के समीप एवं एक नंबर व दो नंबर पार्किंग के साथ ही तीर्थ यात्री सेवा सदन में भी पार्किंग की व्यवस्था की गई है। दोपहिया व चौपहिया वाहनों के लिए अलग अलग पार्किंग की व्यवस्था की गई है।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना



**नलखेड़ा।** रविवार को भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा नलखेड़ा मंडल के मतदान केंद्रों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 129वें संस्करण को सुना गया। इस दौरान सभी स्थानों पर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ आमजन उपस्थित थे। भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य दिलीप सकलेचा, मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा, शिवनारायण भिलाला, कन्हैयालाल जायसवाल, पंकज सोनी, राकेश गवली आदि के द्वारा भी प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को कार्यकर्ताओं के साथ देखा व सुना गया। इसी के साथ नगर के अन्य बूथ तथा ग्रामीण अंचल के बूथ पर भी भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों के साथ बैठकर प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को टेलीविजन पर देखा तथा सुना गया।

## 31 को एसडीएम कार्यालय के समक्ष पीड़ित दलित करेंगे भूख हड़ताल

*सीहोर। नरेन्द्र खंगराले जाटव दलित चिंतक ने बताया कि ग्राम फूल मोगरा के दलित परिवार जिन्हें सन-2001 में सरकार द्वारा 12 एकड़ के लगभग कृषि भूमि का पट्टा दिया गया था। उक्त भूमि जो कि अहस्थांतरणीय है, जिस पर कूट चरित दस्तावेज तैयार कर मो.शकील उर्फ आमीन मोलाना, सलीम बैग, बसीर बैग तथा फरीदा कुरैशी द्वारा कूट रचित दस्तावेज तैयार कर बिना कलेक्टर की अनुमति लिए कब्जा कर लिया गया है। जिसकी शिकायत होने पर सीहोर जिला अदालत के गृह विभाग केन्द्र सरकार, मध्य प्रदेश सरकार द्वारा अनावेदकगणों के विरूद्ध धारा 420 अनुसूचित जाति अत्याचार अधीनियम व अन्य धाराओं के विरूद्ध मण्डी थाना ग्रामीण को एफआई आर किये जाने के स्पष्ट निर्देश दिये गये थे तथा उक्त प्रकरण में सीएम हेल्पलाईन पर भी शिकायत की गई है, किन्तु मण्डी थाने द्वारा एफआईआर नही की गई है। पीड़ित दलित कैलाश मालवीय, राजाराम मालवीय, जीवन मालवीय पिता स्व.फकीरचन्द, महेश पिता नन्द किशोर मालवीय द्वारा कलेक्टर, एसपी, एसडीएम से न्याय के लिये छःमाह से गुहार लगाई जा रही है। परेशान होकर दलित परिवार ने 31 दिसम्बर दिन बुधवार को सुबह 11 बजे एसडीएम कार्यालय सीहोर के समक्ष अफआईआर कराने को लेकर भूख हड़ताल प्रारंभ करने का निर्णय लिया।*

## मतदान सामग्री के साथ मतदान दल हुए रवाना

# जिला पंचायत सदस्य पद के लिए मतदान आज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

पंचायत उप निर्वाचन के तहत जिला पंचायत वार्ड क्रमांक-एक सुसनेर में सदस्य पद के निर्वाचन के लिए 29 दिसंबर को सुबह 7 से अपरान्ह 3 बजे तक होने वाले मतदान के लिए मतदान सामग्री के साथ मतदान दल अपने गंतव्य की ओर रवाना हो चुके हैं। मतदान दलों को रविवार को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई सुसनेर से प्रातः समय मतदान सामग्री वितरण की गई और सामग्री प्राप्त करते ही निश्चित रूप की वस्तु से मतदान दल मतदान केंद्रों की ओर पूरे उत्साह के साथ रवाना हुए।

इस मौके पर उपस्थित पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह और उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर पी वर्मा द्वारा मतदान दलों को अग्रिम शुभकामनाएं दी और स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान संपन्न करवाने हेतु अपने कर्तव्यों का गंभीरता से पालन करने के लिए कहा गया। अपर कलेक्टर ने कहा कि सभी मतदान कर्मी अपना व्यवहार विनम्र रखें और तनावमुक्त होकर मतदान करवाएं। 100 मीटर की परिधि का पालन करवाएं। मतदान केंद्रों पर पहुंचने के बाद और मतदान के दिन मतदान प्रारंभ से पूर्व होने वाले सभी प्रपत्रों की पूर्ति अनिवार्य रूप से करें। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं से अपील की है कि अपने-अपने मतदान केंद्र पर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। इस अवसर पर प्रेक्षक पीके वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रविंद्र कुमार बोयत, एसडीएम सुसनेर सर्वेश यादव, एसडीएम आगर मिलिंद ढोके सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



## कांग्रेस स्थापना दिवस मनाया, वरिष्ठ जनों का किया सम्मान



**कानड़।** रविवार को कांग्रेस स्थापना दिवस ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नितिन पालीवाल के नेतृत्व में हर्ष उल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ जनों का पुष्पमाला एवं सरोफा बांधकर सम्मान किया जिसमें अनोखी लाल मंत्री बीजापारी सिद्धू लाल मालवीय,उमराव सूर्यवंशी ,नानुराम परमार,अमर सिंह पटेल, रमेश चंद्र सौराष्ट्रीय तथा कांग्रेस पार्टी के लिए वर्षों से सेवा दे रहे वर्तमान में दलित पिछड़ा वर्ग माइनॉरिटीज आदिवासी महासंघ में राष्ट्रीय सचिव गौरीशंकर सूर्यवंशी का पुष्प माला एवं साफा बांधकर सम्मान किया गया। इस मौके पर गौरीशंकर सूर्यवंशी ने स्थापना दिवस पर समस्त भारतवासियों को बधाई दी। कहा आने वाला समय सभी कांग्रेस जन एकजुट होकर भारत में कांग्रेस की सरकार बनाना है। इस मौके पर उपस्थित पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष जोरावर सिंह बिजापारी, अवतार गुर्जर, सरपंच गुमान सिंह सिसोदिया, विकास शर्मा हरखनखेड़ी, बाबूलाल सूर्यवंशी पार्षद, आत्माराम गुर्जर, महेश शर्मा, सीताराम गुर्जर आदि उपस्थि थे।

## अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का स्थापना दिवस मनाया



**नलखेड़ा।** रविवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसजनों एवं सेवादल के वरिष्ठ पदाधिकारियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के अमर त्याग एवं बलिदान को नमन करते हुए लोकतंत्र राष्ट्रीय एकता तथा भारतीय संविधान की रक्षा का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बैंड बाजे के साथ निकली कलश यात्रा का नगर वासियों ने किया स्वागत

# मंगल कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ





हरिभूमि न्यूज ▶▶ कानड़

नगर में शिवपहाड़ी रोड पर राठौर परिवार द्वारा आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ रविवार को मंगल कलश यात्रा निकाल कर किया गया।

कलश यात्रा बिजासन माता मंदिर से सुबह 10 बजे शुरू हुई जोकि माताजी मंदिर से पीपल चौक झंडा चौक,दयानंद मार्ग, पुराना बस स्टैंड से सारंगपुर रोड होते हुए शिव पहाड़ी रोड कथा स्थल पर पहुंची जहां प्रसाद वितरण के बाद कलश यात्रा का समापन किया गया। बैंड बाजे के साथ निकली कलश यात्रा का नगर वासियों द्वारा जगह-जगह पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत कर श्रीमद् भागवत महापुराण की पूजा की गई।



साथ ही कलश यात्रा के साथ सु सज्जित बग्गी में बैठे कथा वाचक पंडित सुनील उपाध्याय का भी नगर वासियों ने पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया।

### सत्य की राह पर चलने वाला मनुष्य परमात्मा को प्राप्त करता है

श्रीमद् भागवत कथा महापुराण के प्रथम दिन कथा सरस पंडित सुनील उपाध्याय द्वारा श्रीमद् भागवत कथा के महत्तम को बताते हुए कहा गया कि सत्य की राह पर चलने वाला व्यक्ति ही असल में परमात्मा को प्राप्त करता है। सत्य ही शिव है शिव ही सुंदर है, किसी भी व्यक्ति की सुंदरता उसके स्वरूप से नहीं वरन उसके सत्य मार्ग पर चलने से ही सुंदरता प्राप्त होती है। मनुष्य का स्वरूप उम्र के साथ-साथ बदलता रहता है लेकिन जो परम सत्य है परमात्मा उसका स्वरूप युगो युगो से एक ही है इसका मतलब है परमात्मा ही सत्य है और सत्य मार्ग पर चलने वाला ही परमात्मा को प्राप्त करता है। इस लिए अपने नेत्रों को श्री ठाकुर जी के चरणों के दर्शन में लगाओ और नेत्र और जीवन को धन्य बनाओं ।जैसी बातें व्यासपीठ से पंडित सुनील उपाध्याय ने श्रोताओं से कही। साथ ही अपने सुमधुर भजनों भजनों की प्रस्तुति से कथा वाचक ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध होकर झूमने पर मजबूर कर दिया।

खबर संक्षेप

## अवैध मदिरा संग्रहण व विक्रय के विरुद्ध दर्ज किए 15 प्रकरण



**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार आबकारी विभाग द्वारा जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय एवं परिवहन करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में आबकारी विभाग द्वारा वृत्त देवास (ब) एवं वृत्त बागली क्षेत्र में कार्यवाही की गई। कार्यवाही में 10 कैन बियर, 12 पाव विदेशी मदिरा 130 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 1600 किलो ग्राम महुआ लाहन बरामद किया गया। कार्यवाही में कुल 15 प्रकरण मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) के तहत दर्ज किए। जप्त सामग्री का मूल्य लगभग 01 लाख 73 हजार रुपये है।

## अलकापुरी में भागवत कथा का आयोजन

**देवास।** अलकापुरी स्थित मां अलकेश्वरी मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण की पावन कथा के अंतर्गत पंडित दीपक स्वामी महाराज ने भक्तों को धर्म, भक्ति और इतिहास से जुड़े अनेक प्रेरक प्रसंगों का रसपूर्ण वर्णन किया। कथा के दौरान गुरुदेव ने राजा अंग के पुत्र वेन की कथा, पृथु महाराज की महिमा, गौ रूपी पृथ्वी के दोहन की कथा तथा पृथ्वी को सर्वप्रथम समतल करने के कार्य का भावपूर्ण वर्णन किया। साथ ही भगवान वामन अवतार, जड़ भरत जी महाराज की कथा भी श्रद्धालुओं को सुनाई गई। पअपने प्रवचन में कथावाचक ने बताया कि भगवान की भक्ति किस प्रकार करनी चाहिए और इस कलयुग में भी नियमपूर्वक भक्ति करने से भगवान को प्राप्त किया जा सकता है।

### पेट्रोल पंप के केशियर से दो लाख की लूट का 15 दिनों में किया खुलासा

# पुलिस ने चार आरोपी को गिरफ्तार कर लूटी गई शत प्रतिशत संपत्ति की बरामद

ऑपरेशन त्रिनेत्रम ने पुनः साबित की अपनी महत्ता,सम्पूर्ण घटनाक्रम हुआ था सीसीटीव्ही में कैद, जिसके चलते आरोपी हुवे तत्काल गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




थाना सिविल लाईन क्षेत्रांतर्गत दिनांक 13 दिसंबर को नायरा पेट्रोल पंप उज्जैन रोड इटावा जिला देवास से पेट्रोल पंप के हिसाब की देखरेख करने वाले आनंद पिता राजेन्द्र देशमुख निवासी 214 शिवशक्ति नगर देवास द्वारा 14 दिसंबर को थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई। फरियादी द्वारा बताया गया कि वह नायरा पेट्रोल पंप पर पेट्रोल-डीजल विक्रय के हिसाब-किताब की देखरेख का कार्य करता है। प्रतिदिन की तरह 13 दिसंबर को पेट्रोल पंप के चारों प्वाइंट का पेट्रोल-डीजल विक्रय का हिसाब कुल 1,99,980/- नगदी एक काले रंग के बैग में रखकर उक्त बैग को अपनी पीठ पर टांगकर रात्रि लगभग 11:30 बजे पेट्रोल पंप से अपने घर शिवशक्ति नगर के लिए निकला। बीमा चौराहे के आगे पहुंचते ही एक मोटर साइकिल पर सवार तीन अज्ञात व्यक्ति उसकी बराबरी में आए और बैग छीनने का प्रयास किया। आरोपियों द्वारा फरियादी को धक्का देकर गिरा दिया जिससे उसके दाहिने पैर के घुटने एवं हथेली में चोट आई। उक्त अज्ञात व्यक्तियों में से एक ने फरियादी की पीठ पर टंगा बैग बलपूर्वक छीन लिया जिससे बैग की बद्दी टूट गई एवं आरोपी मोटर साइकिल से फरार हो गए। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना सिविल लाईन में अपराध क्रमांक 669/2025 धारा 309(6) BNS ईजाफा धारा 61 BNS का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी पुनीत गेहलोद के निर्देशन में एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया एवं सीएसपी सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सिविल लाईन निरीक्षक हितेश पाटिल के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। टीम द्वारा घटनास्थल एवं आसपास के सीसीटीवी कैमरों की जांच मुखबिरों को मामूर करना तथा पेट्रोल पंप कर्मचारियों से पूछताछ की गई। इसी क्रम में 25 दिसंबर को विश्वसनीय मुखबिर की सूचना पर पेट्रोल पंप के कर्मचारी सूरज उर्फ सुर्या परमार पिता मुकेश परमार उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम खरसोदखुर्द थाना इगोरिया जिला उज्जैन को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी सूरज द्वारा बताया गया कि वह एक युवती से प्रेम करता है एवं उससे विवाह करने के लिए पैसों की आवश्यकता होने से उसके मन में लालच आया। इसी कारण उसने पेट्रोल पंप के हिसाब की देखरेख करने वाले आनंद देशमुख की दिनचर्या की जानकारी अपने सह आरोपीगण अरूण उर्फ करण पिता राकेश मेवाती, मोहित उर्फ कालीचरण घावरी पिता सुरेश घावरी, विकास उर्फ तेजा सोंलकी पिता तेजराम सोंलकी को दी जिन्होंने पैसों के लालच में आकर लूट की घटना को अंजाम दिया गया। आरोपीगण उज्जैन से देवास आकर बिना नंबर की मोटर साइकिल पर सवार होकर फरियादी से 1,99,980/- नगदी, जो काले रंग के बैग में रखी थी, लूटकर फरार हो गए। पूछताछ के आधार पर दिनांक 25 दिसंबर की देर रात्रि आरोपियों अरूण, मोहित एवं विकास को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों से घटना में प्रयुक्त बजाज पल्सर NS मोटर साइकिल एवं लूट की रकम से खरीदा गया -01 लकड़ी का पेटी-पलंग,01 वाशिंग मशीन,01 सोने का मंगलसूत्र पेंडल,01 जोड़ी पांव की बिछिया,01 चांदी की अंगूठी,लूटा गया काले रंग का बैग,पेट्रोल पंप के हिसाब की पर्चियां,फरियादी का आधार कार्ड,कुल नगदी 1,16,700/-,आरोपी अरूण के बैंक खाते में 30,000/- एवं आरोपी सूरज के बैंक खाते में 9,000/- की राशि होल्ड कराई गई।उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी सिविल लाईन निरीक्षक हितेश पाटिल,उनि पर्वत सिंह परिहार,प्रआर पवन पटेल,प्रआर घनश्याम अर्जने,आर अरूण चावड़ा तथा सायबर सेल से प्रआर सचिन चौहान एवं प्रआर शिवप्रताप सिंह सेंगर की सराहनीय भूमिका रही। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष जिला देवास अन्तर्गत कुल 17 लूट के प्रकरण पंजीबद्ध हुए,जिनमें देवास पुलिस ने अपनी सक्रियता से 17 के 17 प्रकरणों का खुलासा कर शत-प्रतिशत मश्रुका बरामद किया। इसी प्रकार संपत्ति संबंधी अपराधों में इस वर्ष देवास पुलिस ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है जिसमें वर्ष भर में चोरी गई 7.4 करोड़ की राशि में से 5.92 करोड़ की राशि की बरामदगी करते हुए 80 प्रतिशत रिकॉर्ड सफलता देवास पुलिस ने हासिल की है।

# सांसद सोलंकी के साथ लोगों ने सुनी मन की बात

129 वा संस्करण हुआ प्रसारित



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का मन की बात कार्यक्रम का 129 वा संस्करण प्रसारित हुआ। जिसे देशभर में सुना गया। देशभर में अपनी अलग ही पहचान बनाने वाले मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने वर्षभर की उपलब्धियों पर केंद्रित होकर कहा कि युद्ध के मैदान से लेकर विज्ञान तक, अयोध्या में श्री रामलला के भव्य, दिव्य मंदिर पर ध्वजारोहण सहित दुबई में कन्नड़ भाषा का शिक्षण देने वालों की सराहना की। प्राचीनतम भाषा तमिल के प्रचार प्रसार पर जोर दिया।

काशी तमिल संगम का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि गर्व होता है जब काशी के बच्चे तमिल में दक्षता हासिल कर रहे है। शिवशक्ति नगर स्थित प्रेम दया सदन पर मोदी के मन की बात कार्यक्रम को श्रवण करते हुए देवास शाजापुर के लोकप्रिय सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि प्रत्येक को परिवार सहित मन की बात कार्यक्रम सुनना चाहिए। इस कार्यक्रम के माध्यम से नई नई बाते सामने आती है। बहुत कुछ सीखने को मिलता है। कला, साहित्य, शिक्षा, व्यवसाय, ज्ञान, धर्म, संस्कृति, विविधता में एकता के दर्शन होते है। आत्मनिर्भर भारत निर्माण की दिशा में भी मन की बात कार्यक्रम सुदृढ़ता प्रदान करता प्रतीत होता है। प्रेम दया सदन पर सांसद सोलंकी का स्वागत राष्ट्रवादी ओजस्वी गीतकार कवि जगदीश सेन, गायत्री सेन, मनोज सेन, धीरज सेन, गौरव सेन सहित क्षेत्रवासियों ने किया। इस अवसर पर प्रसिद्ध इतिहासकार दिलीपसिंह जाधव (बाबा साहब), गुजराती सेन समाज के जिलाध्यक्ष जगदीश गोयल, शंभु अग्रवाल, शेखर कौशल, मनोहरलाल शर्मा, लक्की मक्कड़, भोजराज सिंह जादौन, विकास सांगते, संतोष वर्मा, शुभम जाधव, पंकज सोनी, आयुष शर्मा, आशीष दुबे, वैदिक जैन, रुद्र शर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में गणमान्य जन उपस्थित थे।

## उर्स गरीब नवाज में बिखरा चिश्तिया रंग

**देवास।** शहर काजी देवास सीनियर मौलाना इरफान अहमद अशरफी साहब काजी नोमान अहमद अशरफी साहब की सरपरस्ती में अमन गार्डन में दो दिवसीय उर्स गरीब नवाज हुआ देर रात तक चली सूफियाना कव्वाली में चिश्तिया रंग बिखरा। उत्तर प्रदेश से पीरे तरीक़त हजरत हसन अशरफ अशरफी जिलानी साहब ओर बुरहानपुर से हजरत सूफ़ी डॉ. कुमैल अशरफ अशरफी साहब और हज़रत जमाल अशरफ़ अशरफ़ी के मुख्य आतिथ्य में उर्स हुआ। प्रख्यात सूफी फनकार हाजी मुकर्रम अली वारसी भोपाल ओर रामपुर से दानिश मोनीस अली खान ने बेहतरीन अंदाज में अपने कलाम पेश किया। हजारों लोगों ने देर रात तक सूफियाना कव्वाली का लुत्फ उठाया और सनिचर को सुबह 11 बजे फातेहा ख्वानी खुसूसी दुआ और लंगर भी हुआ। जो दिनभर चला हज़ारों लोगों ने लंगर हासिल किया। शहर क़ाज़ी अशरफ़ी विंग के सद्र डॉ शरीफ़ जमाल अशरफ़ी और सदस्यों ने मेहमानों का साफ़ा बांधकर स्वागत किया। इंदौर से पीरे तरीक़त मुख्तार अशरफ़ अशरफ़ी साहब, सूफ़ी सोहैल अशरफ़ी, सूफ़ी शरीफ़ बाबा राऊ, सूफ़ी शादाब क़ादरी, शाजापुर से एड्वोकेट सय्यद अंबर वारसी साहब, पार्षद अज़ीज़ मंसूरी, विशेष रूप से मौजूद रहे।

## 251 नवविवाहित जोड़ों को मुख्यमंत्री यादव ने दिया आशीर्वाद

**देवास।** श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के सप्तम एवं अंतिम दिवस पर सुदामा चरित्र के भावपूर्ण प्रसंग के साथ कथा का विधिवत विश्राम हुआ। इस अवसर पर आयोजन स्थल श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक समरसता के अद्भुत संगम का साक्षी बना। कथा के समापन अवसर पर आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में 251 वर-वधुओं को आशीर्वाद प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पधारे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नवविवाहित जोड़ों पर पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया एवं सभी को सुखी, समृद्ध एवं संस्कारमय दांपत्य जीवन का आशीर्वाद दिया। मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में समरसता, सेवा और भारतीय संस्कृति के मूल्यों को सुदृढ़ करते हैं। महामंडलेश्वर 1008 उत्तम स्वामी महाराज ने सभी नवविवाहित जोड़ों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए आशीर्वचन प्रदान किया। उन्होंने सुदामा चरित्र का उल्लेख करते हुए सच्ची मित्रता, भक्ति और त्याग का संदेश दिया। इस आयोजन का नेतृत्व श्री हरि कृष्ण मानव सेवा गौ संस्थान देवास द्वारा किया गया। संस्थान के संस्थापक एवं विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष दिलीप अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, आकाश अग्रवाल सहित अग्रवाल परिवार ने सभी अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया।



# भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का स्थापना दिवस मनाया, वरिष्ठ कांग्रेस जनों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं कांग्रेस सेवा दल के आव्हान पर कांग्रेस का 140 वा स्थापना दिवस एवं कांग्रेस सेवा दल का 102 वा स्थापना दिवस सम्मान समारोह के रूप में मनाया गया। ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय पर ब्लॉक कांग्रेस व नगर कांग्रेस भौरासा के द्वारा मनाया गया। सर्व प्रथम ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मिथुन यादव ने भारत माता व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। झंडा वंदन कर राष्ट्र गान गाया गया। नगर के वरिष्ठ व बुजुर्ग कांग्रेस जनों का उनके घर निवास पर जाकर पुष्पमाला पहनाकर, साफा बांधकर,नगर के लक्ष्मीनारायण नागर, राधेश्याम नागर, हाजी साबिर सेठ, हाजी बाबू खा ठेकेदार, ओमप्रकाश चौधरी,पूर्व पार्षद कालूराम चौहान आदि का स्वागत सम्मान किया गया। कांग्रेस के स्थापना दिवस के अवसर पर पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नगजी राम यादव व दिनेश यादव द्वारा कांग्रेस के इतिहास ओर वर्तमान पर प्रकाश डाला गया। इसके पश्चात नगर कांग्रेस अध्यक्ष रमेश चंद इनानी के नेतृत्व मे मिठाई बांट कर एक दूसरे का मुंह मीठा कराया गया। इस अवसर पर पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष जीवन सिंह ठाकुर, कांतिलाल यादव,पार्षद भादर सिंह भाटिया, अबरार गांधी, अफजल मंसूरी, पीरु भाई ठेकेदार, प्रकाश मंत्री, अनिल जायसवाल, चांद साहब, इरफान मदनी, शशि प्रकाश सोनी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सोनकच्छ, हाटपीप्लिया, देवास के नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों का किसान कांग्रेस ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विश्वजीत सिंह चौहान ने जिले के प्रभारी सदाशिव यादव, जिला शहर अध्यक्ष प्रयास गौतम, जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनीष चौधरी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता तंवर सिंह चौहान की विशेष उपस्थिति में अपने कार्यालय राजहंस टावर बस स्टैण्ड पर किसान कांग्रेस कमेटी द्वारा सोनकच्छ विधानसभा के ब्लॉक अध्यक्ष सोदन सिंह पंवार ओड़, ओमप्रकाश मंडलोई, मनोज चौहान, विजय पाल सिंह, मिथुन यादव,हाटपीप्लिया विधानसभा के ब्लॉक अध्यक्ष भंवर सिंह सेंधव, राजेश धाकड़, देवास विधानसभा के ब्लॉक अध्यक्ष ईशान राणा, प्रतीक शास्त्री, दिलीप सिंह बीजेपुर, नीरज बिल्लू नागर, रूपेश कल्याणे सभी का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर जिला प्रभारी सदाशिव यादव ने कहा कि आपको जो जिम्मेदारी मिली है बहुत ही महत्वपूर्ण है आप सब मिलकर कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाएं। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता भगवान सिंह चावड़ा, सुधीर शर्मा डॉ मंसूर शेख अजय सिंह राजोदा, जाहिद पठान, सुजीत सांगते, विजय बैरागी, ईश्वर दीवानिया, जसवंत पुरी गोस्वामी, दीपेश हरोड़े सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे।

### कांग्रेस नेता दीपेश कानूनगो ने एक बार फिर दिखाई गांधीगिरी

# जनहित में उज्जैन रोड ब्रिज पर हुए जलनेवा गड्ढों को भरा





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कांग्रेस पार्षद पं. दीपेश कानूनगो ने एक बार फिर से गांधी गिरी दिखाते हुए उज्जैन रोड ब्रिज पर हुए गड्ढों को भरने का कार्य कर फिर से जिम्मेदारों को आईना दिखाया है। दीपेश कानूनगो ने बताया कि हमारे द्वारा पूर्व में भी कई बार उज्जैन रोड ब्रिज पर गड्ढों के बारे में सांसद, विधायक, महापौर, सभापति एवं प्रशासनिक अधिकारियों को इस बारे में अवगत कराया गया था लेकिन किसी ने भी इस पर ध्यान नहीं दिया।

हमारे द्वारा पूर्व में भी ब्रिज पर गड्ढों को भरा गया था। ब्रिज पर बड़े गड्ढो एवं सरियों के कारण वाहनों का संतुलन बिगड़ता था जिससे किसी भी दिन कोई बड़ी जन हानि हो सकती थी, क्योंकि इस ब्रिज से केवल दो पहिया वाहन ही नहीं चार पहिया वाहन यात्री बस, स्कूल बसें, कारें आदि भी गुजरती है। कानूनगो ने बताया कि जन प्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों को बार बार अवगत कराने के बाद भी इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा था तो हमारे द्वारा इस ब्रिज की मरम्मत का कार्य जन हित में किया गया है, अब तो कम से कम अधिकारियों और जवाबदारों को इस और ध्यान देना चाहिये तथा इस ब्रिज पर और भी जो खामियां है उनमें सुधार करना चाहिये।

कानूनगो ने आरोप लगाते हुए कहा कि देवास में भाजपा का सांसद, विधायक, महापौर और सभापति होने के बाद भी जनहित के कार्यो में लापरवाही की जा रही है तथा केवल विकास का नारा दिया जा रहा है लेकिन अगर जमीनी हकीकत देखें तो जहां विकास की अधिक आवश्यकता है वहां ध्यान ही नहीं दिया जा रहा है और पुराने विकास कार्यो की अनदेखी की जा रही है। इस अवसर पर विशाल यादव, साजी हाशमी, राकेश मिश्रा, विजय चौहान मोनू, मुकेश करोले, मनोज पाल, राहुल शर्मा, लोकेश सांखला, बंटी मकवाना, भरत चौहान, अनिकेत माली, मेघल चौहान, रितिक नवगोत्री, प्रथमसिंह पंवार, चीकू सोनी, राहुल गोयल, अनस हिंद एवं वार्डवासी उपस्थित थे।

# निर्विरोध डिस्ट्रिक्ट गवर्नर निर्वाचित होने पर सुखदेव सिंह को दी बधाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

रोटरी डिस्ट्रिक्ट -3040 के वर्ष 2028 -29 के लिए रोटेरियन सुखदेव सिंह घुम्मन के निर्विरोध डिस्ट्रिक्ट गवर्नर निर्वाचित होने पर रोटरी क्लब भौरासा ने हर्ष व्यक्त कर विजय जुलूस में सम्मिलित होकर भौंरासा रोटरी क्लब के अध्यक्ष डॉ रूपसिंह नागर, सचिव किशोर कुमार वर्मा एवं रोटेरियन कन्हैया लाल खाटवा ने स्वागत कर बधाई व शुभकामनाएं दी। सुखदेव सिंह घुम्मन डिजियाना ग्रुप के प्रमुख होने के साथ सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता व समाजसेवी है और लंबे समय से रोटरी के माध्यम से जनकल्याण के कार्यों में जुड़े हुए हैं। घुम्मन के निर्वाचित होने पर पूर्व अध्यक्ष प्रदीप मंत्री, रघुवीर सिंह ठाकुर, राजेंद्र यादव ने बधाई व शुभकामनाएं दी।

## खबर संक्षेप

### प्रोजेक्ट नई किरण में एक परिवार मिला

**ललितपुर।** स्थानीय पुलिस लाइन सभागार में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में प्रोजेक्ट नई किरण का आयोजन किया, जिसमें नई किरण के सभी सदस्यों द्वारा समझाने के बाद एक परिवार में आपसी सुलह के आधार पर समझौता कराया। वहीं पांच मामलों को अग्रिम तिथि दी गयी। इस दौरान अजय बरया, डा.दीपक चौबे, डा.एस.पी.पाठक, डा.जनक किशोरी शर्मा, डा.संजीव कुमार शर्मा, अरमान कुरैशी, प्रतिसार निरीक्षक, महिला थानाध्यक्ष अनीता देवी, हे.का.आशा देवी, महिला आरक्षी माधवी शर्मा आदि का विशेष सहयोग रहा।

### शुभ मिलन पत्रिका का हुआ विमोचन

**ललितपुर।** दिगंबर जैन पंचायत समिति ललितपुर के द्वारा शुभ मिलन पत्रिका कार्यक्रम का सफल आयोजन रविवार को भव्यता के साथ मनोकामना उत्सव स्थली जे.डी. का बाड़ा में संपन्न हुआ, जिसमें जैन मिलन चंद्रप्रभु डोडाघाट शाखा द्वारा निशुल्क चाय कॉफी बितरण की गई। जिसमें जैन मिलन शाखा के अध्यक्ष वीर राजेश कोटा, महामंत्री वीर कमलेश मस्तापुर, कोषाध्यक्ष वीर मनीष पारोल, संयोजक अनूप सेठी शाहपुर एवं सभी सदस्यों ने सराहनीय योगदान दिया।

### पारिवारिक विवाद को लेकर भाइयों में मारपीट

**ललितपुर।** थाना बालाबेहट अंतर्गत मोहल्ला बैदेहीपुरा निवासी छलोने पुत्र गोपी कुशवाहा ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीते रविवार को सुबह करीब 11 बजे वह अपने घर के बाहर बैठा हुआ था। तभी पारिवारिक विवाद को लेकर उसका भाई महेश, भतीजा महेन्द्र कुशवाहा, तेजा पत्नी स्व.ऊदल कुशवाहा, रामदेवी पत्नी महेश कुशवाहा एकराय होकर आये और उसे गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने मारपीट करना शुरू कर दी। शोरगुल सुनकर उसकी मां बछलापुर बाई व पुत्र अजय कुशवाहा आया तो उनके साथ भी मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी।

### खेत में पानी लगाने को लेकर किया अपमानित

**ललितपुर।** नहर का पानी खेत में लगाने को लेकर गांव में रहने वाले ठाकुरों ने अहिरवार समाज के किसान को गालियां दीं। विरोध करने पर मारपीट करते हुये जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित भी किया। पीड़ित ने थाना पहुंचकर पुलिस को आपबीती बतायी, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। थाना पूराकलां क्षेत्रांतर्गत ग्राम एवनी में रहने वाले दिनेश अहिरवार पुत्र छुट्टा ने पुलिस को शिकायत दर्ज करायी है। अवगत कराया कि बीती 24 दिसम्बर को अपराह्न करीब 12 बजे उसका पिता छुट्टा पुत्र जगू अहिरवार खेत से घर आ रहा था। इसी बीच रास्ते में गांव के मोन्टू पुत्र लक्ष्मन, बन्टू पुत्र सगुन, आदित्य पुत्र अर्जुन, कल्यान सिंह पुत्र जगदीश सभी जाति ठाकुर ने नहर का पानी खेत में लगाने को लेकर उसके पिता के साथ गाली-गलौज कर दी। विरोध करने पर ठाकुरों ने उसके साथ मारपीट कर दी। छुटटा चिल्लाया तो पिता की आवाज सुनकर वह बचाने मौके पर पहुंचा। आरोप है कि उसके पहुंचते ही उक्त लोगों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित करते हुये उसके साथ भी मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी देते हुये वहां से चले गये। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### शराब की दुकान में घुसकर तोड़फोड़, मारपीट

**ललितपुर।** कोतवाली महरौनी अंतर्गत ग्राम चढरऊ निवासी नातीराजा पुत्र देवीसिंह ने पुलिस को अवगत कराया कि बीते शनिवार को सुबह करीब 11.30 बजे वह अपनी शराब की दुकान के अंदर बैठा हुआ था। उसी समय ग्राम खितवांस निवासी सचिन अवस्थी आया और उससे शराब पीने के लिए क्वाटर मांगने लगा। जब उसने शराब पीने के लिए रुपये मांगे तो सचिन ने गालियां देते हुये शराब की दुकान के अंदर घुस आया और मारपीट करते हुये शराब की पेटियां फेंकने लगा। जिससे शराब की पेटियां टूट गयीं और उसका काफी नुकसान हो गया है। आरोप है कि सचिन ने उसे जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

#### जिला कांग्रेस कमेटी ने मनाया कांग्रेस का स्थापना दिवस

# आधुनिक भारत के निर्माण में कांग्रेस की रही है ऐतिहासिक भूमिका: रजक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

कांग्रेस कमेटी कार्यालय में कांग्रेस पार्टी का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यालय में पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के संस्थापकों को याद करते हुए उनके योगदान पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम की शुरुआत कांग्रेस ध्वज फहराने से हुई। जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने देश की आजादी से लेकर लोकतंत्र की मजबूती तक ऐतिहासिक भूमिका निभाई है। उन्होंने पार्टी की विचारधारा, सामाजिक न्याय, समानता और संविधान की रक्षा के संकल्प को कांग्रेस पार्टी ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम से लेकर आधुनिक भारत के निर्माण तक ऐतिहासिक भूमिका निभाई है। नगराध्यक्ष रामनरेश दुबे ने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व में भारत को आजादी मिली और देश को एक लोकतांत्रिक संविधान प्रदान किया गया। पं.जवाहरलाल



नेहरू के नेतृत्व में आधुनिक भारत की नींव रखी गई, जिसमें बड़े बांध, स्टील प्लांट, आईआईटी और वैज्ञानिक संस्थानों की स्थापना हुई। इंदिरा गांधी के कार्यकाल में बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया, जिससे आम जनता को बैंकिंग सुविधाएं मिलीं। हरित क्रांति के माध्यम से देश को खाद्यान्न के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाया गया। राजीव गांधी ने सूचना प्रौद्योगिकी और दूरसंचार के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव किए। शिक्षा के क्षेत्र में आरटीई (शिक्षा का अधिकार), मिड-डे मील और उच्च शिक्षण संस्थानों की स्थापना की गई। मनरेगा योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजग़ार की गारंटी दी गई, सूचना का अधिकार (आरटीआई) कानून लागू कर शासन में पारदर्शिता बढ़ाई गई। सामाजिक न्याय के लिए अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़े वर्ग और अल्पसंख्यकों के अधिकारों को मजबूत किया गया। यूपीए सरकार के दौरान आर्थिक विकास, सामाजिक कल्याण और समावेशी विकास पर विशेष ध्यान दिया गया। स्थापना दिवस के अवसर पूर्व प्रदेश सचिव जसपाल सिंह ने कहा कि मनरेगा के अधिनियम में बदलाव किया है इससे ठेकेदारी प्रथा को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के अवसर समाप्त होंगे। अभी गांव के गांव में ही लोगों को रोजगार मिलता था, अब यह अधिनियम में परिवर्तन से मजदूरों का शोषण अत्यधिक बढ़ जाएगा। पहले पंचायत अपना अपनी योजना स्वयं बनाती थी, अब यह योजनाएं ऊपर से लादी जाएगी, जिससे गांव का समुचित विकास नहीं हो सकेगा। संचालन पूर्व प्रदेश सचिव जसपाल सिंह ने किया। स्थापना दिवस के अवसर पर नेहा तिवारी, राकेश रजक, रामदेवी विश्वकर्मा समोगर, मोहन सिंह चंदेल, डा.खेमचंद्र वर्मा, ऊदल पटेल, कुलदीप पाठक, सीताराम राय, उदलसिंह चंदेल, रफीक अली, असलम खान, जावेद किरमानी, शिशुपाल लोधी, मोनू रजक, राजेंद्रसिंह मिर्चवारा, आशीष दुबे आदि मौजूद रहे।

### बिरधा ब्लाक में मनरेगा का नाम बदलने का किया विरोध

ब्लॉक विरधा में कांग्रेस पार्टी का स्थापना दिवस पर नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी के इतिहास और देश के लिए किए गए योगदान को याद किया। वक्ताओं ने केन्द्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) का नाम बदलने के प्रयासों का विरोध किया। कहा कि मनरेगा कांग्रेस सरकार की ऐतिहासिक योजना है, जिसने करोड़ों ग्रामीण परिवारों को रोजगार और सम्मान दिया है। योजना का नाम बदलना महात्मा गांधी और कांग्रेस की सोच का अपमान है। इस दौरान ब्लाक अध्यक्ष हीरालाल सेन, मोहन चंदेल, श्याम सुंदर, रजनी साहू, मुलायम सिंह, बल्लू, प्रेम, रमेश सदर, महेंद्र सिंह राजा, यशवेन्द्र सिंह, सुरेंद्र सिंह राजपूत आदि उपस्थित रहे।

#### जखौरा क्षेत्र में बचाव के उपाय बताए

## पुलिस ने चलाया साइबर जागरूकता अभियान




**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में जिले के साइबर क्राइम सेल थाना जखौरा पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में जनता के लोगों को साइबर क्राइम के प्रति जागरुक कर इससे बचाव हेतु उपाय बताया गया। जागरुकता कार्यक्रम में साइबर बुलिंग, स्टॉकिंग, फिसिंग, स्लेबरी, आईडेन्टिटी थेफ्ट आदि के विषय में विस्तृत रुप से जानकारी दी।

इस दौरान बताया कि डीप फेक, एआई, डिजिटल अरेस्ट आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी, किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें तथा प्लेस्टोर/आईओएस से जेनुइन ऐप ही प्ले स्टोर से डाउनलोड करें, इनके अतिरिक्त किसी अन्य प्लेटफॉर्म से कोई ऐप डाउनलोड ना करें। किसी अनजान व्यक्ति से अपनी बैंकिंग सम्बंधी कोई भी डिटेल शेयर न करें तथा ओटीपी आदि मांगने पर न दें, सोशल मीडिया का प्रयोग करते समय सावधानियां बरते । किसी भी पोस्ट की सच्चाई जाने बिना उसे शेयर न करें, अनजान लोगो की फ्रैन्ड रिक्वेस्ट आने पर उसे एक्सेप्ट न करें तथा सिक्योरिटी फीचर हमेशा ऑन रखें, कॉल पर किसी भी व्यक्ति द्वारा दिए गए ऑफर, लालच या धमकी पर विश्वास न करें, सभी प्रकार के इलेक्ट्रानिक उपकरण, सभी डिजिटल अकाउंट का स्ट्रांग पासवर्ड बनाएं तथा टू-स्टेप ऑथेंटिकेशन की सेटिंग अनिवार्य रुप से ऑन रखें।

इसके अलावा साइबर फ्रॉड होने पर तत्काल अपनी शिकायत साइबर हेल्प लाइन नं0 1930, एनसीसीआरवी पोर्टल पर शिकायत रजिस्टर्ड करने या बेवसाइड पर अपनी शिकायत रजिस्टर्ड करायें अथवा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर अपने निकटतम थाने या डायल-112 पर सूचना दें, जिससे कि वित्तीय धोखाधड़ी होने पर साइबर क्राइम के गोल्डन ऑवर में सम्बन्धित को जानकारी देने का आह्वान किया गया।

#### दबंगों ने जबरन शुरू किया निर्माण

## परिवार सहित पीड़ित आमरण अनशन करने घंटाघर पर बैठा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

निकटवर्ती ग्राम पनारी की मेन रोड पर स्थित जमीन पर अवैध कब्जा कर निर्माण किये जाने से क्षुब्ध पीड़ित अपने परिवार के साथ घण्टाघर मैदान में आमरण अनशन पर बैठ गया। हालांकि पीड़ित के शिकायती पत्र पर सदर विधायक रामरतन कुशवाहा द्वारा कोतवाली पुलिस को जांच कर कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया है। पनारी निवासी परमानन्द पुत्र श्यामलाल ने पुलिस को बताया कि उसकी जमीन पर गांव के कुछ लोग स्टे होने के बावजूद भी कब्जा कर निर्माण कर रहे हैं। जब उसने विरोध किया तो उसके साथ गालियां देते हुये मारपीट की गयी और जान से मारने की धमकी देते हुये भगा दिया गया। पीड़ित का आरोप है कि उक्त लोग काफी दबंग, रसूखदार हैं, जिस कारण कार्यवाही भी नहीं हो पा रही है। पीड़ित ने मामले में जांच करायी जाकर अवैध कब्जा व निर्माण को तत्काल रोके जाने की मांग उठायी है।

### राजीनामा करने के लिए बुलाकर मारपीट की

**ललितपुर।** पुलिस चौकी नेहरूनगर अंतर्गत मोहल्ला जुगपुरा में मां अहिल्याबाई स्कूल के पास रहने वाली अनीता यादव पुत्र गजराम सिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि उसका पुत्र सोनू यादव जो कि गुजरात में काम करता है। सोनू का उसकी पत्नी से आपसी विवाद है, जो कि न्यायालय में विचाराधीन है। इसी मामले को लेकर जयन्ती के फूफा गोलू ने सोनू को फोन कर न्यायालय के मामले में नेहरूनगर स्थित अपने घर बुलाया था। 25 दिसम्बर को उसका पुत्र सोनू को गुजरात से गोलू के घर नेहरू नगर आया, जहां पहले से मौजूद छोटू, राजा, गोलू व अज्ञात लोग थे। जिन्होंने सोनू को आते ही घेर लिया और उक्त लोगों ने एकराय होकर सोनू के साथ कुल्हाड़ी, डण्डों से मारपीट कर दी,सोनू के सिर में गंभीर चोट आयीं। गालियां देते हुये सोनू को जान से मारने की धमकी देते हुये घर से बाहर निकल गये।

#### अहिरवार समाज की महापंचायत संपन्न

## सामाजिक स्तर पर 15 बिंदुओं पर विचार किया

**ललितपुर।** अहिरवार समाज महापंचायत की द्वितीय विचार संगोष्ठी का आयोजन स्थानीय एक शादीघर में अहिरवार समाज ललितपुर की ओर से किया गया। जिसमें पूर्व में की गई महापंचायत के बाद समाज में उन बिन्दुओं को सामाजिक स्तर पर 15 बिन्दुओं पर विचार विमर्श किया और नियम लागू कराने हेतु ललितपुर जनपद के सभी ब्लाकों से आये अहिरवार समाज के माते मुखिया, चिन्तक, विचारक आदि लोगों ने अपने-अपने समाज हित में विचार व्यक्त किए। अहिरवार महापंचायत का जिलास्तरीय और ब्लॉक स्तरीय गठन किया गया। जिसके क्रम में महापंचायत ने सर्वसम्मति से रिटायर्ड शिक्षक बंटूराम अहिरवार को जिला संरक्षक, तुलसीराम अहिरवार जिजयावन को जिलाध्यक्ष घोषित किया। इसके



अलावा सुरेन्द्र कुमार रामनगर को जिला उपाध्यक्ष, जगनलाल बिरधा को महासचिव, कमलेश कुमार को संगठन मंत्री, पुरुषोत्तम कुम्हैडी को कोषाध्यक्ष, सुल्तान सिंह गेंदोरा को ऑडिटर, अरविंद मेलवारा को मीडिया प्रभारी और महेंद्र पनारी, राजेंद्र भास्कर महरौनी को सदस्य घोषित किया गया। इसके अलावा ब्लॉक अध्यक्ष महरौनी हरवेंद्र कुमार बगरुआ तथा जखौरा ब्लॉक अध्यक्ष जगदीश अध्यापक एवं मड़ावरा ब्लॉक अध्यक्ष लोटन अमीन साहब धवा, बिरधा ब्लॉक अध्यक्ष मोहन लाल खाईखेरा, बार ब्लॉक अध्यक्ष जवाहर लाल को बनाया गया। वक्ताओं ने बताया कि अहिरवार महापंचायत का उद्देश्य सामाजिक कुरीतियों को खत्म करने, राजनीतिक प्रतिनिधित्व को मजबूत करने, शैक्षणिक उन्नयन करना है। आने वाले पंचायत चुनाव में ब्लॉक संगठन के माध्यम से हर सीट पर प्रतिनिधि चुने जाएंगे और समाज पूरी लगन से इन प्रत्याशियों को जिताएगा। महापंचायत ने जो नियम बनाए है उनका सख्ती से अनुपालन होगा और जो नियम तोड़ेगा, उन पर अनुशासनात्मक कार्यवाही भी होगी। जिलाध्यक्ष तुलसीराम अहिरवार ने कहा कि समाज ने मुझे जिम्मेदारी सौंपी है उसको पूरी निष्ठा से निभाऊंगा और समाज के उत्थान के लिए हर संभव प्रयास करेगा। भारतरत्न बाबा साहब डा.भीमराव अंबेडकरजी के सपनों को पूरा करना ही महापंचायत का लक्ष्य होगा। इस दौरान इंजी.चन्द्रशेखर अहिरवार, रविन्द्र भास्कर, सुरेन्द्र दादा मैनवार, डा.रविंद्र भास्कर, ओमप्रकाश बिजरोठा, धर्मेंद्र बरखेरा, अर्जुन नेता जाखलौन, इंद्रजीत गौतम पत्रकार, कृपाल गौतम पत्रकार, प्रताप सिंह दिनकर सौजना, धनीराम वर्मा, लालसिंह रोड़ा, जगदीश अध्यापक, प्रमोद कुमार गौतम कुम्हैडी आदि मौजूद रहे।

## श्रद्धा भावना से चारों साहिबजादों व माता गुजरी का बलिदान दिवस मनाया गया

**ललितपुर।** श्री गुरुसिंह सभा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के तत्वाधान में गुरुद्वारा साहिब के चारों साहिबजादों व माता गुजरीजी का शहीदी पर्व गुरुद्वारा साहिब लक्ष्मीपुरा में श्रद्धा भावना के साथ मनाया गया। पांच दिनों से चल रहे कार्यक्रमों का आज समापन हुआ। सर्वप्रथम सुबह स्त्री साध संगत द्वारा श्रीनितनेम साहिबजी के पांच दिनों से चल रहे पाठों का समापन हुआ। उपरांत मुख्य ग्रंथी ज्ञानी दलजीत सिंह ने गुरबाणी कथा कीर्तन द्वारा संगत को निहाल किया। गुरु सिंह सभा अध्यक्ष ओंकार सिंह सलूजा ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह जी के चारों साहिबजादों (बाबा अजीत सिंहजी, बाबा जुझार सिंहजी, बाबा जोरावर सिंहजी और बाबा फतेह सिंहजी) और माता गुजरीजी की शहादत, धर्म और मूल्यों की रक्षा



के लिए दिए गए सर्वोच्च बलिदान का प्रतीक है, जहां छोटे साहिबजादों को दीवार में चुनवा दिया गया और माता गुजरीजी ने यह सुनकर प्राण त्याग दिए। यह सिख इतिहास का एक गौरवपूर्ण और दुखद अध्याय है जो आज भी हमें निडरता सिखाता है। इस दौरान अध्यक्ष ओंकार सिंह सलूजा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरविंदर सिंह सलूजा, मंत्री मनजीत सिंह सलूजा, चरणजीत सिंह, कोषाध्यक्ष परमजीत सिंह छतवाल, जगजीत सिंह बॉबी, कमलजीत सिंह छाबड़ा, हरजीत सिंह, डा.जेएस बक्शी, इंदरजीत सिंह, गौरव सिंह, सतनाम सिंह डिंपी, रणवीर सिंह परमार, कृपाल सिंह परमार, मनजीत सिंह परमार, गुणवीर सिंह आदि मौजूद रहे। संचालन महामंत्री सुरजीत सिंह सलूजा ने किया।

### रास्ते में रोककर मारपीट, धमकाया

**ललितपुर।** पूराकलां थाने के ग्राम एवनी निवासी नवनीत साहू पुत्र महेन्द्र ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 26 दिसम्बर की शाम करीब 6 बजे वह तालबेहट से अपने घर ग्राम एवनी आ रहा था। तभी रास्ते में बरूआ नाला के पास थाना बार अंतर्गत ग्राम बरौदाडांग निवासी सन्नी राजा पुत्र बहोरन सिंह, दीपेन्द्र राजा पुत्र कल्याण सिंह ठाकुर ने उसके साथ गालियां दीं और विरोध करने पर मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## जबरन माल नहीं भरने पर ट्रांसपोर्टर से मारपीट

**ललितपुर।** नगर क्षेत्र के मोहल्ला बड़ापुरा निवासी सलीम पुत्र हिम्मत खां ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि झांसी रोड स्थित मन्नू पेट्रोल पम्प के पास एकान्त ढ़ाबा के बगल में उसका ट्रान्सपोर्ट का व्यापार है। अपने व्यापार को लेकर वह बीती 25 दिसम्बर को यहां आया हुआ था। मौके पर उसने गाड़ी संख्या एच.पी. 24 ई 3077, एच.पी. 24 ई 3073 को माल भरवाने के लिए सम्पर्क किया था। उक्त नम्बर पर बात करने वाले व्यक्ति ने कहा कि आज बड़ा दिन है और मण्डी बंद है। जिसके बाद उक्त व्यक्ति स्वयं ट्रांस्टपोर्ट पर आया और उससे जबरन अपना वाहन लोड कराने को कहा, जिस पर उसके द्वारा मना करने पर उक्त व्यक्ति अरविन्द कुमार यादव (ट्रक चालक) अपने साथ आनन्द यादव व दो अज्ञात लोगों के साथ 26 दिसम्बर को अपराह्न करीब 3.15 बजे गालियां देते हुये उसके साथ मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया और उसके चेहरे व सिर में चोटें आयीं है। आरोप है कि उक्त लोग उसे जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पीड़ित ने बताया कि उसे जानमाल का खतरा है, जिससे वह काम पर भी नहीं जा पा रहा है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### बाइक हटाने को लेकर की मारपीट

**ललितपुर।** तालबेहट थानान्तर्गत ग्राम बम्हौरीसर निवासी रामबाबू पण्डित पुत्र मनीराम ने पुलिस को अवगत कराया कि बीती 24 दिसम्बर को शाम करीब 6 बजे वह कस्बा तालबेहट स्थित साहू समाज मंदिर के सामने रोड पर था, तो मोटर साइकिल हटाने के विवाद को लेकर लंका मैदान के पास खांदी निवासी हरीकिशन कुशवाहा, ग्राम गूगर निवासी शिशुपाल लोधी ने उसे लात-घूसों से मारपीट कर दी और गालियां देकर जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

#### 11 हजार केवी विद्युत लाइन डाल रहा था

## तार डालते में करंट से चीराकोडर के युवक की जबलपुर में मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जाखलौन थाना क्षेत्र के ग्राम चीरा कोडर निवासी 28 वर्षीय सौरभ की मध्य प्रदेश में बिजली लाइन डालते समय करंट लगने से मौत हो गई। परिजनों ने शनिवार रात उसे जबलपुर से ललितपुर मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सौरभ कुशवाहा ललितपुर के एक ठेकेदार के साथ मध्य प्रदेश के सिवनी जिले के बदलापुर में मजदूरी करने गया था। ठेकेदार 26 नवंबर को सौरभ सहित छह मजदूरों को बिजली की लाइन डालने के लिए ले गया था। 24 दिसंबर को सौरभ 30 फीट ऊंचे खंभे पर 11 हजार हाईटेंशन विद्युत लाइन डाल रहा था, तभी अचानक उसमें करंट दौड़ गया। परिजनों का आरोप है कि यह हादसा बिजली विभाग और ठेकेदार की लापरवाही के कारण हुआ। करंट लगने से सौरभ खंभे पर ही झुलस गया था।

उसे किसी तरह नीचे उतारकर अस्पताल ले जाया गया। शनिवार रात करीब 10.35 बजे ठेकेदार उसे जबलपुर अस्पताल से ललितपुर मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचा, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रखवाकर पुलिस को सूचना दी। मृतक के पिता कम्मोद कुशवाहा ने बताया कि सौरभ अपने दो भाइयों और दो बहनों में सबसे बड़ा था और उसके तीन छोटे बच्चे हैं। युवक की मौत के बाद से परिजनों में गहरा शोक है।

#### खंगार क्षत्रिय समाज बंधुओं ने महाराजा खेत सिंह जूदेव की जयंती मनाई

## तुवन मंदिर से डीजे की धुन पर गाजे बाजे से निकाली शोभायात्रा

**ललितपुर।** शहर के तुवन चौराहा स्थित तुवन मंदिर पर वीर शिरोमणि गढ़कुण्डार नरेश महाराजा खेतसिंह जूदेव की भव्य जयन्ती खंगार क्षत्रिय समाज के बैनर तले बड़े ही धूमधाम व गाजे बाजे के साथ मनाई गई। सुबह से ही खंगार क्षत्रिय समाज बन्धुओं का तुवन मंदिर पर आना शुरू हो गया था। मुख्य अतिथि प्रांतीय परिषद सदस्य भाजपा (झांसी महानगर जिलाध्यक्ष भाजपा) हेमन्त सिंह परिहार व विशिष्ट अतिथि रेनू नीरज गोस्वामी (अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी दिल्ली) रहे। मुख्य अतिथि ने तुवन मंदिर पर पहुंचकर माथा टेका। उनका आगमन होने पर मंच पर खंगार क्षत्रिय समाज ने तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत किया। शुभारंभ जय मां गजानन माता, वीर शिरोमणि गढ़कुण्डार नरेश महाराजा खेत सिंह जूदेव, वरिष्ठ समाजसेवी रहे स्व.पुरुषोत्तम सिंह परिहार उर्फ परशु व वरिष्ठ समाजसेवी रहे स्व.जसवन्त सिंह परिहार कक्का के चित्र सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन व माल्यार्पण किया। अखिल भारतीय क्षत्रिय खंगार समाज



पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि को तिलक लगाकर व ग्यारह किलो की गले में माला पहनाकर, तलवार भेंट कर भव्य स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि का भी तिलक लगाकर व माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि सबसे पहले हमारी समाज को संगठन होना पड़ेगा और पूरी खंगार क्षत्रिय समाज में एकता होनी चाहिये, जब हमारी खंगार क्षत्रिय समाज में एकता रहेगी तो कोई भी कितना बड़ा काम हो तुरन्त हो जायेगा। शिक्षा पर जोर देते हुये कहा कि अपने अपने बच्चों को अच्छे संस्कार दे और खूब पड़ाये लिखाये जिससे वो आगे चलकर कुछ बन सके और अपने जिला का नाम व अपने माता पिता का नाम रोशन कर सके। कहा कि महाराजा खेत सिंह जूदेव खंगार समाज के गौरव रहे है, उनके शासनकाल में कोई भी योद्धा उनके साथ युद्ध करने में हिचकते थे क्योंकि वह रणवीर थे और समाज के गौरव होने के साथ साथ महाराजा खेत सिंह जूदेव महान योद्धा भी थे। खंगार समाज की उत्पत्ति उनके हाथों में रहने वाले खंगरुपी तलवार से हुई खंगार के नाम से उद्देश्य खंग यानी तलवार हार यानि दुशमनों की हार वह जब तलवार चलाते थे तब सिर्फ उनके हाथ ही दिखते थे। फुर्तीली तलवार चलाने में माहिर महाराजा खेत सिंह जूदेव द्वारा अपने समाज की रक्षा में विशेष योगदान दिया गया। विशिष्ट अतिथि ने महाराजा खेत सिंह जूदेव के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुये बताया कि महाराजा खेत सिंह जूदेव द्वारा समाजहित में कई अभूतपूर्व कार्य किये गये समाज के गौरव के रुप में अपनी पहचान बनाने वाले वीर शिरोमणि गढ़कुन्डार नरेश महाराजा खेत सिंह जूदेव की भव्य जयन्ती अखिल भारतीय क्षत्रिय खंगार समाज ललितपुर के बैनर तले प्रतिवर्ष की भांति इस साल भी बड़े ही धूमधाम व गाजे बाजे के साथ मनाई गई। अखिल भारतीय क्षत्रिय खंगार समाज अध्यक्ष शिवम सिंह परिहार ने वीर शिरोमणि गढ़कुन्डार नरेश महाराजा खेत सिंह जूदेव के जीवन चरित्र के बारे में विस्तार से बताया। इसके बाद महाराजा खेत सिंह जूदेव की जयंती पर सर्वप्रथम तुवन मंदिर से डीजे की धुन पर गाजे बाजे के साथ जय मां गजानन माता, वीर शिरोमणि गढ़कुण्डार नरेश महाराजा खेत सिंह जूदेव की भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

तीन साल से कक्षा 6 में पढ़ने को मजबूर छात्र पवन, 2 बार हो चुका है फेल

एक छात्र के लिए मिडिल स्कूल से 3 शिक्षकों और मिड़-डे मील बनाने वालों के वेतन का हो रहा आहरण

# शिक्षकों की अनदेखी ने विद्यार्थी के 3 कीमती साल किए बर्बाद !




हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

शासकीय विद्यालय जिरियाखेड़ी में शिक्षकों की लापरवाही का गंभीर मामला सामने आया है। जहां पर एक नियमित छात्र लगातार तीन वर्षों से एक ही कक्षा में पढ़ने को मजबूर है। परिजनों का आरोप है कि समय रहते छात्र की पढ़ाई पर न ही तो शिक्षकों ने ध्यान दिया और न ही समय पर उसकी शैक्षणिक कमजोरी को ही दूर करने के लिए प्रयास किए गए। मामला जीरापुर ब्लॉक के गोघटपुर संकुल के जिरियाखेड़ी गांव के मिडिल स्कूल में कक्षा 6 में पढ़ने वाला छात्र पवन वर्मा का है जो पिछले 2 सालों से फेल हो रहा है और हैरत की बात है कि वहां के शिक्षकों पर असर तक नहीं पड़ा। जिरियाखेड़ी मिडिल स्कूल में तीन शिक्षकों के होते हुए भी एक छात्र का भविष्य भी नहीं संवार पाए। 2023-24 से शिक्षकों ने अपना अटैचमेंट करवाकर अपना उल्लू तो सीधा कर लिया परंतु पवन के भविष्य के 3 अनमोल साल खा लिए।

## निकलता है 3 शिक्षकों और मिड़-डे मील बनाने वाले का वेतन

इसको शिक्षा विभाग की बिडम्बना ही कहा जाए की जहां कलेक्टर परीक्षा परिणाम सुधारने के लिए कई प्रयास कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर कुछ शिक्षक मिलकर भी एक छात्र के भविष्य का निर्माण नहीं कर पा रहे, और न ही मांगने पर छात्र की टीसी ही दे रहे। टीसी न देने के पीछे का कारण क्या समझा जाए जबकि जिरियाखेड़ी मिडिल स्कूल से मात्र इसी छात्र की बजह से 3 शिक्षकों के साथ मध्यान्ह भोजन बनाने वाले का वेतन का आहरण हो रहा है।

## छात्र को छोड़ा भगवान भरोसे

2023-24 में पवन ने जैसे ही 6वीं कक्षा में प्रवेश लिया वैसे ही पहले रीना विश्वकर्मा का अटैचमेंट दूसरी जगह हो गया। फिर जिरियाखेडी मिडिल स्कूल की कक्षा 6 को पढाने बचे दो शिक्षकों ने भी नवंबर 2024 में दूसरे स्कूलों में अटैचमेंट करवा लिया। परिणाम यह निकला की विद्यार्थी पवन वर्मा को नबंवर 24 के बाद पढाने वाला कोई शिक्षक था ही नहीं। प्रायमरी शिक्षकों के भरोसे उसे 6 वी में पढ़ने छोड़ दिया। इसके बाद 2025-26 के सत्र में बद्रीलाल दांगी शिक्षक के आने के बाद वह अपनी पढ़ाई कर रहा है परंतु शिक्षकों की कार्यशैली ने मासूम छात्र के 3 साल अंधेरे गर्त में झोक दिए।

### इनका कहना है...

मैं इसी शैक्षणिक सत्र में आया हूं, इसके पहले का मुझे ज्यादा कुछ पता नहीं है। अभी वर्तमान में एक ही बच्चा अध्यनरत है।
**बद्रीलाल दांगी, शिक्षक मिडिल स्कूल जिरियाखेड़ी**

शैक्षणिक व्यवस्था के कारण ऐसा किया गया। अबकी बार उसके रिजल्ट में सुधार आ जायेगा।
**गजेंद्र शर्मा, बीआरसी जीरापुर**

भोपाल-रामगंजमंडी रेलवे प्रोजेक्ट का मामला, प्लॉट मालिक पशोपेश में

# रेलवे की जद में आए हेडगेवार कॉलोनी के मकान तोड़ना शुरू



**राजगढ़।** बहुप्रतीक्षित भोपाल-रामगंजमंडी रेलवे का काम क्षेत्र में घ्रुत गति से चल है। राजगढ़ मुख्यालय की हेडगेवार कॉलोनी के 9 पक्के मकानों सहित कईं प्लॉट इसकी जद में जद आए थे। इन सभी नौ मकानों को रेलवे ने शनिवार से तोड़ने की कार्यवाही आरंभ की है। सभी नौ मकान मालिकों को पूर्व से नोटिस देकर उन्हें अवगत कराया गया कि किसे कितना मुआवजा मिलेगा। इसके बाद यह कार्यवाही आरंभ की गई है। हालांकि, इन मकानों के मालिक भू-अर्जन प्रक्रिया के तहत मिलने वाले मुआवजा राशि से संतुष्ट नहीं हैं। सभी का कहना है कि प्रशासन ने नियमानुसार मुआवजा वितरण प्रक्रिया नहीं अपनाई है।

## प्लॉट मालिक अभी तक इंतेजार में

प्रशासन ने भलेंही हेडगेवार कॉलोनी में पूर्व से बने एक मंजिला, दो मंजिला मकानों के लिए भू-अर्जन राशि का निर्धारण कर लिया है लेकिन प्लॉट मालिकों को अभी तक प्रशासन की तरफ से किसी तरह का कोई नोटिस या मुआवजा राशि दिए जाने के संबंध में कोई निर्णय नहीं लिया गया है। प्लॉट धारकों का कहना है कि प्रशासन इस मामले में दोहरा मापदंड अपना रहा है। जब मकान मालिकों को मुआवजा दिया जा रहा है तो प्लॉट मालिकों को आखिर क्यों मुआवजे से वंचित रखा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि वर्षो पहले जब हेडगेवार कॉलोनी को विकसित किया गया था तब यह यह भूखंड पट्टे की जमीन की रजिस्ट्री करवाकर कॉलोनी बनाई गई थी। ऐसे में शुरू से ही इस कॉलोनी के मकान मालिक एवं प्लॉट धारक प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग करते आ रहे हैं।

# आपसी सहयोग से 113 बेडशीट सिविल अस्पताल को डोनेट की

**ब्यावरा।** स्वास्थ्य विभाग में आए दिन कमियों का बोल बाला रहा है। कभी ब्लड डोनेट कैंप लगवाकर कभी अन्य सोर्स से सामान पहुंचाकर मरीजों के लिए भावाशाह मिल ही जाते हैं। हाल ही में ब्यावरा सिविल अस्पताल में मरीजों को बेडशीट के लिए परेशान होते देखा तो अस्पताल के ही स्टॉफ ने आपस में मिलकर 113 बेडशीट अस्पताल अधीक्षक को सौंप दी। आने वाले समय में अब मरीजों को बिना बेडशीट के नहीं रहना पडेगा। उल्लेखनीय है कि कई बार मांगने पर भी स्वास्थ्य विभाग इनकी आपूर्ति समय पर करने मे असमर्थ दिखा जिसक चलते स्टॉफ ने यह निर्णय लिया।



# 550 छात्राओं ने तैयार किए शिक्षण मॉडल



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

पीएमश्री महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में कक्षा 6 से 12 तक की 550 छात्राओं ने भाग लिया और विभिन्न विषयों से संबंधित स्वयं तैयार किए गए टीएलएम मॉडल प्रस्तुत किए। प्रदर्शनी में गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, भाषा, पर्यावरण अध्ययन, तकनीकी शिक्षा एवं जीवनोपयोगी कौशल से जुड़े चार्ट, स्थिर एवं कार्यशील मॉडल आकर्षण का केंद्र रहे। छात्राओं ने इन मॉडलों के माध्यम से जटिल संकल्पनाओं, प्रक्रियाओं एवं सिद्धांतों को सरल और व्यावहारिक रूप में प्रस्तुत किया। प्रदर्शनी का उद्देश्य छात्राओं में सृजनात्मकता, तार्किक सोच, आत्मविश्वास, सहयोग और प्रस्तुतीकरण कौशल का विकास करना रहा। शिक्षकों ने निरंतर मार्गदर्शन प्रदान करते हुए छात्राओं के प्रयासों की सराहना की। विद्यालय की प्राचार्य डॉ. दीप्ति शुक्ला ने बताया कि जब विद्यार्थी स्वयं टीएलएम का निर्माण करते हैं, तो विषय की गहरी और स्थायी समझ विकसित होती है।

# गुरु गोबिंद सिंह का 359 वां प्रकाश पर्व श्रद्धा और उत्साह से मनाया



**ब्यावरा।** शहर स्थित राजगढ़ रोड पर गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में समाज बंधुओं द्वारा सिख धर्म के दसवें गुरु, साहिब-ए-कमाल गुरु गोबिंद सिंह महाराज का 359 वां प्रकाश पर्व बड़े ही श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारे में विशेष कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया, जिसमें रागी जत्थों द्वारा गुरु महिमा का गुणगान किया गया। कीर्तन और गुरबाणी के मधुर शब्दों से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया। कीर्तन दरबार के उपरांत गुरु का अटूट लंगर आयोजित किया गया। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पंक्ति में बैठकर प्रेमपूर्वक लंगर प्रसादी ग्रहण की। समाज के सभी वर्गों के लोगों ने इसमें बढ़-चढ़कर भाग लिया, जो सिख धर्म की समता, सेवा और भाईचारे की परंपरा को दर्शाता है। इस अवसर पर संगत द्वारा “सर्वत के भले” की अरदास भी की गई, जिसमें विश्व शांति, मानव कल्याण और आपसी सद्भाव की कामना की गई।

उल्लेखनीय है कि श्री गुरु गोबिंद सिंह महाराज, सिख धर्म के दसवें गुरु थे, जिन्हें संत-सिपाही के रूप में जाना जाता है। उन्होंने मानवता, धर्म की रक्षा, न्याय और अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष का संदेश दिया तथा खालसा पंथ की स्थापना कर समाज को नई दिशा प्रदान की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सिख समाज के लोग, नगरवासी एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। गुरुद्वारा प्रबंधन एवं सेवादारों द्वारा संपूर्ण व्यवस्था सुचारू रूप से संपन्न कराई गई।

# नेत्रदान कर दिया परोपकार का संदेश



**ब्यावरा।** शहर के निवासी आनन्द स्वरूप चांडक के शनिवार को निधनोपरांत उनके पुत्र संजय चांडक, ऋषि चांडक, एवं श्यामू सुन्दर चांडक से लायन्स क्लब ब्यावरा के राहुल डागा ने सम्पर्क कर दिवंगत के नेत्रदान की गुजारिश की। जिस पर सहमति होने पर दागा द्वारा नवज्योती नेत्रदान समिति की अध्यक्ष पूजा गुप्ता को सूचना दी। इस पर पूजा गुप्ता ने भोपाल की मेमोरियल हॉस्पिटल से टीम संपर्क कर डॉ संदीप पंचोले ने नेत्रदान सम्पन्न करवाया। इस अवसर पर परिवार जनों के साथ लायन्स क्लब ब्यावरा के मुकुल जैन, चिराग मोदानी, अंकित जैन, अमूल अग्रवाल मौजूद रहे। पूजा गुप्ता ने नेत्रदान के प्रति चांडक परिजनों का आभार प्रदर्शित करते हुए आमजन से अनुरोध किया कि मृत्यु पश्चात नेत्रदान कर दो नेत्रहीनों को दृष्टि देने का पुण्य कमाएं।

# कवि सुशील व्यास सारंग को राष्ट्रीय कविता प्रतियोगिता में दसवां स्थान



**सारंगपुर।** रोहतक हरियाणा में आयोजित आचार्य अकादमी द्वारा गीता जयंती के अवसर पर आयोजित 51वीं राष्ट्रीय कविता प्रतियोगिता सफलतापूर्वक संपन्न हुई। देश भर से आए कवियों की रचनाओं में से चुने गए 10 विजेताओं और 4 विशिष्ट पुरस्कृत कवियों को बधाई दी गई। इस प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले के सारंगपुर निवासी प्रसिद्ध कवि एवं साहित्यकार सुशील व्यास ९सारंग९ की रचना को पुरस्कृत रचनाओं में दसवाँ स्थान प्राप्त हुआ। यह उपलब्धि श्री व्यास के साथ-साथ पूरे अंचल के लिए गर्व की बात है। सुशील व्यास बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं। वे कुशल चित्रकार, सुरीले गायक और संगीतकार भी हैं। सरल व सहज जीवन जीने वाले व्यास पर माँ सरस्वती की विशेष कृपा है। वे समर्पित समाजसेवी हैं तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता हैं। साथ ही, वे विद्या भारती के सेवानिवृत्त प्राचार्य हैं। अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आपके द्वारा लिखे हुए गीत बहुत सारा गए सराहे गए जन्म में पीले चावल घर घर आए आया बुलावा राम का, बुला रही है धरा अवध की, सजा अवधपुरी का द्वार गीत कई प्रभात फेरी में गाए गए।

# संस्कार एकेडमी में तीन दिवसीय स्पोर्ट्स मीट का शुभारंभ




**ब्यावरा।** पचोर स्थित संस्कार एकेडमी में तीन दिवसीय वार्षिक स्पोर्ट्स मीट का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत तहसीलदार आनंद जायसवाल नायब तहसीलदार आरएस शर्मा एवं विद्यालय प्रबंधक दीपक गोयल, दिनेश गोयल, पंकज गोयल, विवेक शर्मा तथा प्राचार्य राजेश कुमार शर्मा द्वारा दीप व मशाल प्रज्वलन कर ध्वजारोहण के साथ हुई। विद्यार्थियों ने स्कूल कैप्टन दीपांशी गोयल, स्पोर्टस कैप्टन वेदी चौधरी, गांधी हाउस कैप्टन भाग्यश्री पच्चीसीया, सुभाष हाउस कैप्टन अतुल लोधी, कलाम हाउस कैप्टन सुमन शर्मा, टैगोर हाउस कैप्टन पंखुड़ी सक्सेना के नेतृत्व में आकर्षक मार्च-पास्ट प्रस्तुत कर खेल भावना, एकता और अनुशासन का संदेश दिया। उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक एवं चारित्रिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आयोजन में विद्यालय की सहकोऑर्डिनेटर कवलप्रीत, प्री प्राइमरी ब्लॉक एच ओ डी रियांशी गोयल, स्पोर्टस टीचर मानसी सिंह, हंसराज गुर्जर, परेड ट्रेनर सत्यनारायण शर्मा, म्यूजिक टीचर सौरभ शर्मा, बैंड ट्रेनर रोशन शाह, डेकोरेशन टीम कमलकांत, प्रियंका सक्सेना, हॉस्टल वार्डन विपिन भागवत आदि का योगदान है।

# लोकतंत्र सेनानी शंकर सिंह चंदेल को राजकीय सम्मान के साथ दी अंतिम विदाई



**सारंगपुर।** क्षेत्र के ग्राम धनोरा निवासी, लोकतंत्र सेनानी एवं मिसाबंदी रहे स्वर्गीय शंकर सिंह चंदेल का रविवार को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। उनके निधन से संपूर्ण क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। स्व. चंदेल ने देश की आजादी की लड़ाई में सक्रिय भागीदारी निभाई थी तथा आपातकाल के दौरान मिसाबंदी में रहते हुए लोकतंत्र की रक्षा हेतु संघर्ष किया। रविवार को उनकी शव यात्रा ग्राम धनोरा में उनके निवास से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गों से होती हुई मुक्तिधाम पहुंची। तिरंगे में लिपटे पार्थिव शरीर पर ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। अंतिम संस्कार के दौरान पुलिस दल द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया तथा राष्ट्रगान के साथ सम्मानपूर्वक विदाई दी गई।

इस दौरान राज्य मंत्री डॉ गौतम टेटवाल, एसडीओपी अरविंद्र सिंह, तहसीलदार आकाश शर्मा,निर्मल जैन, सरपंच तेजसिंह राजपूत, पुलिस प्रशासन के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सम्पूर्ण गांव ने नम आंखों से अपने इस स्वतंत्रता सेनानी को अंतिम विदाई दी।

कितनी दवाईयां, उपकरण जले इस बारे में बताने से कतरा रहे विभाग के जिम्मेदार

# अभी तक रहस्य बनी हुई है जिला अस्पताल के स्टोर रूम में लगी आग

**राजगढ़।** जिला अस्पताल परिसर स्थित सीएमएचओ स्टोर रूम में शुक्रवार को हुई आगजनी की घटना रहस्य ही बनकर रह गई है। घटना की पीछे की वजह शार्ट-सर्किट अलबत्ता बताई जा रही है लेकिन इस आगजनी में कितना माल जलकर राख हुआ, कितनी दवाईयां जलीं व कितने उपकरणों का नुकसान हुआ है इस बारे में फिलहाल कोई कुछ बताने को तैयार नहीं है। सबसे बड़े बात भी यह है कि जिस स्टोर रूम में आग लगी है उसके इन्चार्ज तीन दिनों पहले ही अवकाश लेकर गए थे और उनकी जगह एक अन्य व्यक्ति को स्टोरकीपर का चार्ज सौंपा गया था। इस पूरे मामले में सत्तापक्ष के लोग भलेंही कुछ भी स्पष्टतः बोलने में कतरा रहे हों लेकिन कांग्रेस खुलकर सामने आई है। राजगढ़ के पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर ने जहां शनिवार दोपहर आगजनी स्थल पहुंकचर मौके का जायजा लिया। वहीं कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रियवृत सिंह ने अस्पताल प्रबंधन को आड़े हाथों लिया है। आगजनी की इस घटना में कितने का नुकसान शासन को हुआ है इस बारे में कोई कुछ बोलने को तैयार नहीं है।

*कांग्रेस ने आगजनी की इस घटना की उच्च-स्तरीय जांच की रखी मांग*

*घटना की पूरी जांच के लिए गठित की गई 7 सदस्यीय टीम*


## कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने रखी विशेष कमेटी बनाने की मांग

कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रियवृत सिंह ने ट्वीट करते हुए इस मामले में एक प्रदेश स्तरीय तकनीकी रूप से दक्ष जांच टीम बनाने की मांग शासन, प्रशासन से की है। उन्होंने लिखा की स्टोर कीपर के अवकाश पर रहना और सीएमएचओ द्वारा अपने चहेते व्यक्ति को स्टोर कीपर को चार्ज सौंपना सीधे-सीधे नियमों का उल्लंघन है और इस पूरी आगजनी की घटना की विस्तृत जांच होनी चाहिए। स्वास्थ्य विभाग के मंत्री एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पर भी तंज कसते हुए सिंह ने कहा कि अब आपके विभाग की आग सतपुड़ा से राजगढ़ तक पहुंच चुकी है।

### पूर्व विधायक ने किया मौका मुआयना

अस्पताल के स्टोर रूम में लगी इस आग की घटना के बाद पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर ने शनिवार दोपहर घटनास्थल पहुंचकर मौका-मुआयना किया। उन्होंने आरोप लगाया कि इस आगजनी में एक करोड़ से अधिक की दवाईयों सहित अन्य उपकरणों का नुकसान हुआ है लेकिन अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं। उन्होंने कहा इस पूरे मामले में स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों को पूरा स्पष्टीकरण देते हुए आमजनों के सामने स्थिति क्लीयर करनी चाहिए कि स्टोर रूम में रखा कितना और क्या-क्या सामान/माल जलकर राख हुआ है।






### आमजनों ने रखी सूक्ष्मता से जांच की मांग

अस्पताल के जिस स्टोर रूम में आगजनी की यह घटना हुई है उसमें करीब एक करोड़ से अधिक की दवाईयां, उपकरण सहित अन्य सामान जलकर राख होने के आरोप आमजनों द्वारा लगाए जा रहे हैं। इस पूरे मामले में आमजनों ने भी प्रशासन से मांग रखी है कि आगजनी में कितना नुकसान हुआ और क्या-क्या सामान जलकर राख हुए हैं, वह सब सबके सामने सार्वजनिक किए जाने चाहिए। इसके अलावा नियमों की अवहेलना करते हुए दिए गए स्टोरकीपर के चार्ज मामले की भी निष्पक्षतः जांच करवाकर दोषियों को दंडित किया जाना चाहिए।

### इनका कहना है...

पूरे मामले की जांच के लिए 7 सदस्यीय टीम गठित की गई है। कल टीम की रिपोर्ट प्राप्त हो जाएगी जिससे समूची स्थिति स्पष्ट होगी की आगजनी में कितना नुकसान हुआ है। इसके साथ ही जिसकी भी लापरवाही सामने आएगी, उस पर कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।
**डॉ. शोभा पटेल, सीएमएचओ, राजगढ़**

# मैकेनिकल वोटिंग मशीन के आविष्कार पर विश्वकर्मा पिता-पुत्र को राष्ट्रीय सम्मान



**सारंगपुर।** मुंबई में आयोजित एसजीवीएस राष्ट्रीय पुरस्कार-2025 (विश्वकर्मा प्रतिभा सम्मान) समारोह में पचोर के निवासी रामप्रसाद विश्वकर्मा एवं उनके पुत्र, भोपाल निवासी सह-आविष्कारक कमलेश विश्वकर्मा को उनके अभिनव आविष्कार मैकेनिकल वोटिंग मशीन के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें 21 दिसंबर 2025 को प्रदान किया गया।उल्लेखनीय है कि 75 वर्षीय रामप्रसाद विश्वकर्मा ने सीमित संसाधनों के बावजूद इस मशीन का विकास किया। इस नवाचार का मुख्य उद्देश्य मतदाता जागरूकता को बढ़ाना, मतदान प्रक्रिया में पारदर्शिता लाना तथा चुनावी व्यवस्था को अधिक विश्वसनीय बनाना है। यह मशीन विशेष रूप से उन क्षेत्रों के लिए उपयोगी मानी जा रही है, जहां आधुनिक तकनीकी संसाधनों की उपलब्धता सीमित है। इस मैकेनिकल वोटिंग मशीन को भारत सरकार से पेटेंट प्राप्त है।

# आश्रम शाला की 50 बालिकाओं को इनर दीं

**विदिशा।** समाजसेवी बल किशन प्रजापति द्वारा विमुक्त जाति कन्या आश्रम शाला लटेरी की 50 बालिकाओं को आवश्यकता अनुसार इनर का वितरण किया गया। इस अवसर पर बल किशन प्रजापति ने कहा कि बालिकाओं की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। ऐसे छोटे-छोटे प्रयास न केवल बालिकाओं के आत्मसम्मान को बनाए रखते हैं, बल्कि उनमें सुरक्षा और आत्मविश्वास की भावना भी विकसित करते हैं। आश्रम शाला के स्टाफ एवं शिक्षकों ने इस सहयोग के लिए श्री प्रजापति के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के सहयोग से बालिकाओं को संबल मिलता है।